तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का हुआ समापन



## खबर संक्षेप

### 11 हाथियों ने कोरिया तो 31 ने किया छाल का रूख

**कोरबा।** जिले के कटघोरा एवं कोरबा वनमंडल में सक्रिय हाथियों ने अब अन्य वनमंडलों में जाना शुरू कर दिया है। जहां कटघोरा वनमंडल के केंदई एवं पसान रेंज में मौजूद 54 हाथियों में से 11 हाथियों का झुण्ड अलग होकर कोरिया डिविजन का रूख कर लिया। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज अंतर्गत बड़मार सर्किल में विचरण कर रहे 31 हाथियों का झुण्ड अब रायगढ़ जिले के छाल रेंज पहुंच गया है। हाथियों के झुण्ड ने विगत दो दिनों के दौरान क्षेत्र को छोडऩा शुरू किया और छाल रेंज में जाने के बाद एक साथ मिलकर विचरण शुरू कर दिया है।

### ई-नीलामी प्रक्रिया से रेत खदान आबंटन हेतु प्रशिक्षण आज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2025 के अनुसार खनिज साधन विभाग अंतर्गत गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन ई-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) प्रक्रिया के तहत एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा। ई-नीलामी से संबंधित समस्त प्रक्रिया यथा निविदा जारी करना, निविदा में भाग लेने हेतु बोलीकर्ताओं का पंजीयन, बोली लगाने की प्रक्रिया, तकनीकी अर्हताधारी बोलीकर्ताओं का चयन, लॉटरी प्रक्रिया, अधिमानी बोलीदार का चयन इत्यादि समस्त कार्यवाही उक्त पोर्टल के माध्यम से ही किया जायेगा। छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत खदानों का आबंटन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से किये जाने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं का प्रशिक्षण 29 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक सिटी डेंटल केयर तथा इन्फोटेक इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर के द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिनमें डेंटल स्टाफ, रिसेप्शनिस्ट, सोशल मीडिया हैंडलिंग, टेक्निशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स एक्जक्यूटिव, टीम मैनेजर, प्रोडक्ट एडवाईजर (ग्राम पंचायत) पदों हेतु 244 रिक्त पदोंके लिए, आयुसीमा- 18 वर्ष से 45 वर्ष तक एवं योग्यता 10वीं से स्नातक, पीजीडीसीए, कार्यस्थल कोरबा, वेतनमान रूपये 6 हजार से 15 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों का रोजगार पंजीयन एवं ईरोजगार पोर्टल में इच्छुक पदों पर ऑनलाईन अप्लाई किया जाना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक/आवेदिकाएं उक्त तिथि को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### एचआइवी एड्स व रक्तदान जागरूकता हेतु रैली का आयोजन

**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के संयुक्त आयोजन में ग्राम भादा में एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु रैली तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने ग्राम भादा के में घर-घर जाकर एचआईवी एड्स के कारण, लक्षण, सावधानी तथा बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान की। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी वाय के तिवारी ने युवाओं से कहा कि वे देश का भविष्य है उनकी सकारात्मक सोच तथा पराक्रम विकसित राष्ट्र के निर्माण के लिए परम-आवश्यक है अतः हमें एड्स जैसी गंभीर बीमारियों के कारण, संक्रमण तथा रोकथाम की जानकारी हो, हमें भ्रांतियां को दूर कर संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव कम करने तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता का विस्तार करना होगा।

# रेलवे ट्रैक के नीचे की पाइप लाइन शिफ्टिंग नहीं होने से लटका अंडरपास का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रशासन और रेलवे की बराबर की साझेदारी से कोरबा में पहली रेल अंडरपास संजय नगर क्षेत्र में बना है प्राथमिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है लेकिन पाइपलाइन शिफ्टिंग के लिए रेलवे की अनुमति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरु होने में देरी हो रही है।

अलग खबर

लगभग 31 करोड रुपए की लागत से रेल अंडरपास का निर्माण कोरबा के संजय नगर क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग इलाके में होना है। जिला खनिज न्यास और रेलवे ने कुल लागत की आधी आधी राशि देना तय किया और इस प्रस्ताव को स्वीकृत कर लिया। निर्माण कार्य के लिए छत्तीसगढ़ सेतु निगम की इकाई को अधिकृत किया गया है जिसके द्वारा इस कार्य का टेंडर प्रक्रिया में लाया गया है।

## अनुमति के लिए निगम ने लिखा है रेलवे को पत्र

**खास बातें**
- रेलवे और डीएमएफ से मिली है निर्माण के लिए राशि
- पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्थल का किया है निरीक्षण




निर्माणाधीन क्षेत्र के आसपास लंबे समय से निवासरत लोगों को लगभग 9 करोड रुपए का मुआवजा बांट दिया गया है। इनमें से अब कुछ ही मामले हाईकोर्ट में विचाराधीन है जिनका निराकरण जल्द होना है। छत्तीसगढ़ सेतु निगम के कोरबा स्थित सब डिवीजन ऑफिसर ने बताया कि पहले ही निर्माण कार्य की निविदा लगाई जा चुकी है। बिड के स्तर पर प्रक्रिया की जा रही है। नगर निगम के जल प्रदाय विभाग के प्रमुख राकेश मसीह ने बताया कि लगभग 1 करोड़ 65 लख रुपए की लागत से रेल अंडर पास के आसपास की वाटर सप्लाई पाइपलाइन की शिफ्टिंग का अधिकांश काम पूरा कर लिया गया है। सबसे बड़ा अड़ंगा रेलवे ट्रैक के नीचे के हिस्से से पाइपलाइन को शिफ्ट करने का बचा हुआ है। रेलवे के पास बहुत पहले इस बारे में आवेदन दिया गया था लेकिन उसकी ओर से अब तक अनुमति प्राप्त नहीं हुई है और सिर्फ इस कारण से शिफ्टिंग का एक हिस्सा बचा हुआ है।

## जिले में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 4 हजार क्विंटल कम होगी खरीदी

# पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष घट गया धान खरीदी का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पहली बार जिले में धान खरीदी का लक्ष्य बीते वर्ष की तुलना में 4603 क्विंटल घट गया है। बीते वर्ष खरीदी का लक्ष्य 3 लाख 16 हजार 567 मिट्रिक टन था। इस वर्ष 3 लाख 11 हजार 964 मिट्रिक टन रखा गया है। खरीदी को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियां पूर्ण करते हुए संवेदनशील धान खरीदी केंद्रों का चिन्हांकन भी कर लिया गया है।

**खास बात**
- सभी केन्द्रों में खरीदी की तैयारी की गई पूरी

जिले में 15 नवंबर से शुरु होने वाले धान खरीदी के संबंध में जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। विभागीय अधिकारियों की बैठक के दौरान सभी समितियों में खरीदी के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। साथ ही खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए हर स्तर पर जिला प्रशासन के द्वारा निगरानी रखने के लिए टीम बनाई जा रही है। बैठक के दौरान पिछले वर्ष की खरीदी का आंकड़ा और पंजीयन भी देखा गया। उस रिपोर्ट के आधार पर 19 उपार्जन केंद्रों को पहले ही संवेदनशील केंद्रों में घोषित कर दिया गया है। जबकि अधिक धान की खरीदी करने वाले उपार्जन केंद्र भी निगरानी में रखे गए हैं। बाहर से आने वाले धान को रोकने के लिए तैयारियां भी चल रही है। ऑनलाइन खरीदी के रिकार्ड तैयार किए जाएंगे। 31 अक्टूबर तक खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि तय की गई थी। अब तक 48 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है। इस बार पंजीयन उन्हीं किसानों का किया गया है जिनका एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन हुआ है। इसके लिए शासन स्तर से पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए थे।


फाइल फोटो

### जिला व खण्ड स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण का होगा आयोजन

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता एवं अनुविभाग स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत 30 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित होगी। जिसमें सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उप पंजीयक सहकारी संस्थान, उप संचालक कृषि, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, मंडी सचिव कृषि उपज मंडी, सर्व नोडल अधिकारी धान उपार्जन केंद्र, सर्व समिति प्रबंधक व फड़ प्रभारी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति प्रशिक्षण में शामिल होंगे। इसी प्रकार 31 अक्टूबर को सभी अनुविभाग स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित होगी। जिसमें सम्बंधित अनुविभाग स्तर के तहसीलदार/ नायब तहसीलदार , अनुविभाग अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी, राजस्व निरीक्षक/पटवारी, जिला विपणन कार्यालय व कृषि उपज मंडी के अधिकारी/कर्मचारी, अनुविभाग क्षेत्र के शाखा प्रबंधक / पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, संबंधित अनुविभाग क्षेत्र के सभी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक, फड़ प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे। बैठक सह प्रशिक्षण में धान खरीदी केन्द्रो में चेकलिस्ट अनुसार आवश्यक व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी दी जाएगी।

### 3 लाख 11 हजार 964 मैट्रिक टन लक्ष्य

धान खरीदी के लिए हर वर्ष जिले को लक्ष्य मिलता है। इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना में कम लक्ष्य मिला है। पिछले वर्ष 3 लाख 16 हजार 567 मिट्रिक टन का लक्ष्य था। इस वर्ष 3 लाख 11 हजार 964 मिट्रिक टन का लक्ष्य मिला है। इस दृष्टि से पिछले वर्ष से कम लक्ष्य धान खरीदी का मिला है।

**-जमाल खान,** सुपरवाईजर जिला सहकारी बैंक

### बारदाने की व्यवस्था की गई है


धान खरीदी के लिए सभी उपार्जन केंद्रों में बारदाने का भंडारण किया जा रहा है। 15 हजार 598 गठान की आपूर्ति कर दी गई है। खरीदी के दौरान कहीं भी बारदाने की कमी नहीं होने दी जाएगी। कुल बारदानों में 50 प्रतिशत नया बारदाना और 50 प्रतिशत पुराना बारदाना का उपयोग होता है।

**-रीतु राज,** जिला विपणन अधिकारी

### बारिश का खतरा मंडरा रहा फसल कटाई पर

बिगड़ते मौसम और पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई बारिश से जिले की फसल प्रभावित होने के कारण किसानों को फसल के नुकसान का भी भय सता रहा था और अब चूंकि लगातार मौसम में बदलाव आ रहा है उससे किसानों को फसल की कटाई के दौरान बेमौसम बारिश का भय सता रहा है। उनकी मानें तो दिवाली के बाद फसल की कटाई शुरु हुई है और मौसम में जिस तरह से बदलाव आया है उससे इस बात की आशंका है कि कहीं कटाई के दौरान ही बारिश हो गई तो खेत में कटी फसल को नुकसान होगा। इसके पहले किसान अधिक बारिश से फसल के नुकसान को झेल चुके है। हालांकि बारिश लंबी नहीं चलने के कारण आंशिक नुकसान ही झेलना पड़ा है।

### सभी उपार्जन केंद्रों में बनाए गए हैं चबूतरे



जिले में सभी 41 सहकारी समिति व 24 उपार्जन केंद्र में चबूतरों का निर्माण कर दिया गया है। ताकि खरीदी के दौरान धान के बोरों को सीधे जमीन में न रखा जाये। सभी समितियों में डीएमएफ की राशि से तथा शासकीय मद से चबूतरों का निर्माण किया गया है। चबूतरा निर्माण के अलावा 15 उपार्जन केंद्रों में डीएमएफ से ही गोदाम बनाने की भी स्वीकृति दी गई है।

### बारदाने के लिए 15 हजार 598 गठान की आपूर्ति

खरीदी के लिए उपयोग में आने वाले बारदाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाने वाले विपणन विभाग ने अभी तक सभी सहकारी समितियों को 15 हजार 598 गठान बारदाने की आपूर्ति की है। एक गठान में 4 सौ से 5 सौ बारदाने आते हैं। इसके लिए विपणन विभाग ने खरीदी के लिए जितने बारदाने की जरुरत होती है, उस हिसाब से बारदाने की व्यवस्था की जा रही है। 15 हजार 598 गठान में 50 प्रतिशत नया बारदाना तथा 50 प्रतिशत पीडीएस के दुकानों से बुराने बारदानों की व्यवस्था की गई है। विपणन विभाग का मानना है कि इस वर्ष खरीदी में बारदाने की कमी नहीं हो पाएगी।

### 3 लाख की ऑनलाइन ठगी, अपराध दर्ज

**कोरबा।** एक व्यक्ति के डेबिट क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन 3 लाख 12 हजार रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर बांकीमोंगरा पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर निवासी बक्शी बिलाल अहमद अंसारी उम्र 59 वर्ष पिता मो. उसमान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका एचडीएफसी बैंक जमनीपाली में खाता संचालित खाता से संबंधित डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किया गया है। क्रेडिट कार्ड को बक्शी बिलाल के द्वारा एक्टीवेट नहीं किया गया है। बावजूद इसके 7 जुलाई को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके खाते से लगभग 3 लाख 12 हजार रुपए का आहरण कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### नहीं हो रहा कचरा का उठाव, क्षेत्रवासी परेशान

**कोरबा।** सिंचाई कालोनी दर्री इतवारी बाजार के पास कचरों का अंबार लगा हुआ है। महीनेभर हो गया है लेकिन कचरा का उठाव नहीं होने से कचरे की गंध से आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। रविवार का दिन बाजार का दिन होने से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। एक तरफ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कचरों का ढेर पड़ा हुआ है। घर घर कचरा संग्रहित के लिए लगाए गए वाहन हैं उसके बावजूद भी कचरों का ढेर पड़ा हुआ है।

## जन्म के पहले अर्जन के मामले में भूविस्थापितों की जीत
## सुप्रीम कोर्ट ने एसईसीएल की याचिका की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भूविस्थापित के सेवा कानूनों एवं अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित याचिका की सुनवाई के दौरान भूविस्थापितों के पक्ष में फैसला सुनाया था जिसके खिलाफ एसईसीएल प्रबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद इसे भूविस्थापितों के अधिकारों की लड़ाई में एक ऐतिहासिक जीत बताया है। दरअसल एसईसीएल प्रबंधन द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पूर्व में उच्च न्यायालय ने भू-विस्थापित राहुल जायसवाल के पक्ष में फैसला सुनाया था, जो सेवा कानूनों और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित था। एसईसीएल प्रबंधन ने उच्च न्यायालय के इस जन-हितैषी फैसले के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री जे.के. माहेश्वरी और न्यायाधीश श्री विजय बिश्नोई की खंडपीठ ने एसईसीएल के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद उनकी याचिका में कोई मेरिट नहीं पाया और मामला खारिज कर दिया। यह केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं है बल्कि यह ऊर्जाधानी के उन सभी भू-विस्थापित किसानों और उनके परिवारों की जीत है, जो वर्षों से एसईसीएल प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ अपने वैध अधिकारों नौकरी और अनुकंपा नियुक्ति के लिए संघर्ष ⏭ शेष पेज 3 पर

### अधेड़ की संदिग्ध मौत

**कोरबा।** एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति के पेट में दर्द होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत पटेलपारा की है। यहां निवासरत लक्ष्मण पटेल 45 वर्ष पिता होरीलाल पटेल के पेट में अचानक दर्द उठने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान लक्ष्मण पटेल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस की टीम ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## 41.31 लाख रुपए का किया गया भुगतान

# मेगा कैम्प में 10 वर्ष से निष्क्रिय 37 खातों की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय सेवा विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार आपकी पूँजी आपका अधिकार के अंतर्गत वित्तीय विभागों में 10 वर्षों से अधिक निष्क्रिय एवं दावा रहित (अनक्लेम्ड) डीईएएफ खातों के सक्रिय एवं त्वरित निपटान हेतु शुक्रवार 24 अक्टूबर को सियान सदन, घंटाघर - बुधवारी रोड कोरबा में वृहत कैम्प का आयोजन लीड बैंक कार्यालय, भारतीय स्टेट बैंक कोरबा के द्वारा किया गया।

इस कैम्प में विशेष रूप से सभी बैंकों, भारतीय जीवन बीमा एवं एस बी आई लाइफ के द्वारा इस मुहीम को सफल बनाने का सार्थक प्रयास किया गया। इस कैम्प में भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, केनरा बैंक, बैंक ऑफ़ इंडिया, यूको बैंक, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, पंजाब - सिंध बैंक, एच डी एफ सी बैंक, आई सी आई सी आई बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम एवं एस बी आई लाइफ इन्सयूरेंस के 37 खातों की पहचान कर 41.31 लाख रूपये का भुगतान किया गया। इस कैंप में भारतीय स्टेट बैंक लीड बैंक मैनेजर के साथ क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री मृत्युंजय वर्मा, आई टी आई रामपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक श्री रामेश्वर कुमार, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आशीष कुमार सिंह एवं जिला पंचायत कार्यालय के डीपीएम श्री चिराग ठक्कर उपस्थित थे। बैंक जमा एवं बीमा धन में हजारों खातेदारों के निष्क्रिय एवं दावा रहित खाते में करोड़ों रूपये जमा हैं जिसका खातेदारों को या उनके वारिसान, नामित व्यक्ति को पहचान कर खाते की राशि उनके दावेदारों को भुगतान किये जाने का प्रक्रिया कैम्प के मार्फ़त जनता के बीच सन्देश देकर प्रारंभ हो गई है। यह प्रक्रिया बैंक, बीमा कार्यालय एवं म्यूच्यूअल फण्ड संस्थान द्वारा आगामी आदेश तक जारी रहेगी।



भुगतान का प्रमाण पत्र देते बैंक अधिकारी।

# गौठान में चारे पानी का संकट
# लगातार हो रही मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चैतमा के गौठान में फसल बचाने के लिए रखे गए आवारा मवेशियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मौत होने की घटना सामने आयी है। ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी मवेशियों के मौत की पुष्टि की है। किंतु अब तक विभाग स्तर पर मवेशियों के मौत को लेकर तथा गौठान में रखे गए मवेशियों के चारा पानी की व्यस्था के लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया है। बताया जाता है कि रोज एक दो मवेशियों की मौत हो जाती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में घुमंतू आवारा पशुओं के संरक्षण एवं सुरक्षित व्यवस्था करने का निर्देश जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया था। जिसके तहत ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव द्वारा गौठान में मवेशियों को रखने की व्यवस्था की गई। जिसके बाद क्षेत्र में घूमने वाले आवारा मवेशियों को गौठान में रखा गया जिससे कुछ हद तक किसानों की फसल बच गई लेकिन चारा और पानी की कमी के कारण मवेशियों की मौत होने लगी। मवेशियों के मौत का अधिकृत कारण क्या है यह पीएम से ही पता चलेगा किंतु पशु विभाग को इसकी सूचना भी नहीं दी गई। परिणाम स्वरुप मृत मवेशियों का पीएम नहीं हो पाया है। इतना ही नहीं मृत मवेशियों को गौठान के बाहर फेंक दिया गया। जिससे होने वाले दुर्गंध से ग्रामवासी परेशान है।

**खास बातें**
- मृत मवेशियों को गौठान के बाहर फेंका गया
- फसल बचाने गौठान में रखे गए थे आवारा मवेशी


गौठान के बाहर फेंका गया मृत मवेशी।



गौठान में बंद मवेशी।

### 20 मवेशियों की हो चुकी है मौत

गोठान में लगभग 5 सौ मवेशी लाए थे। जिसमें से 15 से 20 की मौत हो चुकी है कुछ भाग गए हैं वर्तमान में ढाई से 3 सौ के करीब मवेशी गौठान में अभी हैं।

**-राजलाल सिंह,** सरपंच चैतमा

### अभी भी है गौठान में 3 सौ मवेशी

इस संबंध में चैतमा गौठान में पशुओं की देखरेख के लिए रखे गए सुधा लाल सिंह, अर्जुन लाल, पवन कुमार, रामकुमार, बृजभान सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया की शुरू में 4सौ से 5 सौ के करीब घुमंतू एवं आवारा पशुओं को गौठान में लाया गया था जिसकी देखरेख हम लोग करते थे। कुछ मवेशी भाग गए, अब तक तीन दर्जन के करीब मवेशियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा दो-चार मवेशियों की मौत रोज हो रही है। मौत कैसे हो रही है इसकी जानकारी हम लोगों को नहीं है। सचिव शांति दास मानिकपुरी को तीन चार बार फोन करने पर भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## खबर संक्षेप

### सांई कार्तिक पूर्णिमोत्सव का आयोजन

**बिलासपुर।** सांई मौली पारिजात एक्सटेंशन में श्री सांई कार्तिक पूर्णिमोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 26 अक्टूबर को रेणुका भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। 2 नवंबर को ऑनलाइन अखंड पाठ होगा। गुरु कृपा भजन मंडली भजन पेश करेंगे। 3 अक्टूबर को गणपति अथर्वशीर्ष एवं सुंदरकांड पाठ किया जाएगा।4 अक्टूबर को शाम चार बाजे पालकी यात्रा निकाली जाएगी। 5 अक्टूबर को दुग्धाभिषेक प्रातः 10:30 बजे से महाआरती, ताल आरती एवं गोपाल काला संध्या 6 बजे से होगा।

### खंबों पर केबल का जाल नहीं हो रही कार्रवाई

**बिलासपुर।** बिजली विभाग के अधिकारियों को खंबों पर केबल का जाल नजर नहीं आ रहा है, शहर के ऐसा कोई कोना नहीं है,जहां उलझे केबल व तारों के जाल नहीं दिख रहे। खास बात यह है कि हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर इन केबलों को हटाने व व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। बिजली विभाग ने कुछ दिनों तक केबल हटाने की कार्रवाई की,लेकिन यह नाकाफी साबित हो रही है। प्रमुख चौक चौराहों पर बेतरतीबी से अभी भी तारों का जाल है, जिससे शार्ट सर्किट होने का खतरा बना रहता है।

### मवेशियों पर कार्रवाई बंद, होते हैं हादसे

**बिलासपुर।** शहर में कई सड़क कैटल फ्री जोन घोषित है, लेकिन इसके बावजूद सड़कों पर आवारा मवेशी विचरण कर रहे है।जिसे रोकने में नगर निगम का दस्ता फेल हो चुका है। रिंग रोड 2, स्मार्ट सड़क, नेहरू चौक जैसे इलाकों में मवेशियों के खुलेआम घुमने पर प्रतिबंध है, लेकिन दिन के किसी भी समय यहां से गुजरने पर आवारा मवेशी देखे जा सकते है। ऐसे में नगर निगम के दावों की पोल खुल रही है। आवारा मवेशियों के लड़ने से जहां यातायात जाम हो रहा है, वहीं कई बार इसे लोग हादसे के शिकार हो जाते है।

---

**निर्माण कार्य में भर्राशाही हावी**

**एटामिक एनर्जी रेगुलेटॉरी बोर्ड के नियमों का नहीं रखा जा रहा ध्यान**

# जिला अस्पताल की पार्किंग में लगाई जा रही करोड़ों की सीटी स्कैन मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में इन दिनों सिटी स्कैन मशीन लगाने के लिए निर्माण कार्य जारी है। मशीन लगाने से मरीजों को फायदा होगा लेकिन इसके स्थापना से पहले जिला अस्पताल और निर्माण एजेंसी लापरवाही बरत रही है। दरअसल एटामिक एनर्जी रेलुलेटरी बोर्ड के नियमों के अनुसार सिटी स्कैन मशीनों को कॉमन प्लेस में नहीं लगाया जा सकता है, जबकि जहां यह मशीन स्थापित की जा रही है वह पार्किंग है। वहीं निर्माण के दौरान भी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

प्रदेश के ज्यादातर जिला अस्पतालों में लोगों की सुविधा के लिए सिटी स्कैन मशीनें लगाई जारी है, इसके लिए जिला अस्पताल बिलासपुर में निर्माण कार्य जारी है। मातृ एवं शिशु अस्पताल के पार्किंग एरिया को डिस्मेंटल किया गया है। एटामिक एनर्जी रेगुलेटॉरी बोर्ड के नियमों के अनुसार रेडियो एक्टीविटेड मशीनों का इंस्टालेशन करने से पहले कई तरह की सावधानियां बरती जानी जरूरी है। जिसमें लेड कोटेड दीवारें होना जरूरी है। साथ ही सिटी स्कैन स्थापित जगहों पर कॉमन पब्लिक पैलेस नहीं होना चाहिए, जबकि जिला अस्पताल के पार्किंग के एक हिस्से में ही इसका इंस्टालेशन किया जा रहा है।

हालांकि वर्तमान में पार्किंग हटा दिया गया है, लेकिन इसके दोनों ओर पार्किंग ही है। बताया जा रहा है कि सीजीएमएससी द्वारा थर्ड पार्टी के भरोसे काम कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण तक नहीं किया जा रहा है।



पार्किंग के एक हिस्से में किया जा रहा है इंस्टालेशन।

### गर्द में रख दी गई करोड़ों की मशीन

खास बात यह है कि करोड़ों की मशीन को गर्दे में रख दिया गया है। जहां रोजाना धूल और सीमेंट मशीनों को ढक रही है। खास बात यह है कि दीवारों की तराई करने के दौरान मशीनों के भींगने का अंदेशा भी बना हुआ है। जिला अस्पताल प्रबंधन की अनदेखी इस कदर हावी है कि मशीन को रेत के ऊपर रख दिया गया है। ऐसे में करोड़ों की मशीनों को लेकर लापरवाही बरती जा रही है।

---

# 50 मीटर सड़क पर 500 से अधिक गड्ढे



महर्षि स्कूल मंगला से आगे लोखंडी चौक तक सड़क बेहद खराब। यहां से गुजरने वाले वाहन चालक जोखिम उठाकर करते हैं आना-जाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महर्षि स्कूल मंगला से आगे लोखंडी चौक तक सड़क का करीब 50 मीटर हिस्सा बेहद खराब है। इतना खराब कि थोड़ी भी असावधानी वाहन चालक को सीधे जमीन पर गिरा दे। इस 50 मीटर सड़क की खराबी के कारण लोग पूरी मंगला-दीनदयाल कालोनी तक की सड़क को ही खराब बता रहे हैं।

कोई सड़क अगर अच्छी हो लेकिन फिर भी बेहद खराब बताई जा रही हो तो मंगला से दीनदयाल कालोनी जाने वाली सड़क को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है। महर्षि चौक से आगे व दीनदयाल कालोनी से पहले लोखड़ी चौराहे के पास यह सड़क 50 मीटर लंबाई में बेहद

■ **शिकायत के बाद भी नहीं सुधारी जा रही सड़क**

खराब है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। गड्ढे इतने बड़े हैं कि लोगों को लगभग शून्य की गति से आगे बढ़ना पड़ रहा है। इस मार्ग पर हालत ऐसी है कि थोड़ी भी असावधानी होने पर वाहन चालक सीधे जमीन पर गिरेंगे। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में कालोनी का वेस्टेज पानी लगातार बह रहा है, जिससे यहां गड्ढों में पानी भरा हुआ है। इसके आगे दीनदयाल कालोनी तक सड़क अच्छी हालत में है। इसी तरह इस चौक से आगे लोखंड़ी तक की सड़क भी काफी अच्छी है। आसपास रहने वाले लोग इस खराब सड़क की मरम्मत करने की लगातार मांग कर रहे हैं, कालोनी से आने वाले पानी को रोकने की भी मांग कर रहे हैं, परन्तु निगम अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है।

---

# गिरदावली में नाम जोड़ने कलेक्टोरेट पहुंचे किसान



कलेक्टोरेट में प्रदर्शन करते छेरकाबांध के किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छेरकाबांधा के किसान गिरदावली नहीं होने के कारण पंजीयन नहीं हो पाने की बात को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे। किसानों ने कहा कि सभी ने सहकारी समितियों से केसीसी लिया है। ऐसी हालत में समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री नहीं हुई तो उन्हें बड़ी परेशानी हो जाएगी।

■ **कोटा विधायक के साथ कलेक्टर से की मुलाकात**

कोटा विकासखंड के छेरकाबांधा के किसानों ने मंगलवार को बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना कि छेरकाबांधा ग्राम पंचायत के करीब दो सौ किसान हर साल समितियों में अपना धान बेचते हैं। जबकि इस साल पटवारी द्वारा यह जानकारी दी गई है कि किसानों का पंजीयन गिरदावली में नहीं हो रहा है एवं पंजीकृत किसानों का नाम ऊपर से कट जा रहा है। ऐसी हालत में किसानों का खसरा क्रमांक में फसल की जानकारी निरंक जा रही है। ऐसी स्थिति में किसान अपनी फसल समितियों में नहीं बेच पाएंगे, जिससे उन्हें केसीसी पटाने में परेशानी हो जाएगी।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपक रजक के साथ पहुंचे किसानों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर 31 अक्टूबर तक समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया है। समाधान नहीं होने की दशा में किसानों ने रतनपुर-कोटा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है।

---

# एनएसयूआई ने सीयू का किया घेराव, मचाया हंगामा

**यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में छात्र की मौत को लेकर नाराज कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी**



गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने की नारेबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक छात्र की लाश मिलने की घटना से नाराज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को यूनिवर्सिटी का घेराव करते हुए जमकर हंगामा मचाया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ यूनिवर्सिटी परिसर भीतर प्रवेश करने की कोशिश की, किन्तु मेनगेट पर ही पुलिस वालों ने उन्हें रोक लिया। इस पर गेट सामने ही धरना पर बैठकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की भीड़ आज नारेबाजी करते हुए गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी पहुंची, लेकिन यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डस ने प्रशासनिक भवन सहित मेनगेट पर भी ताला लगाकर बंद कर दिया था। मेनगेट के सामने बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रही और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को वहीं रोक लिया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ता मेनगेट सामने ही धरने पर बैठ गए और यूनिवर्सिटी प्रबंधन खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इन एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की मांग थी कि यूनिवर्सिटी प्रशासन की जवाबदेही तय करना, दोषियों को सजा दिलाना और भविष्य में ऐसी कोई लापरवाही दोबारा न हो इसके लिए मजबूत सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराना है। काफी देर तक वहां नारेबाजी व हंगामा होता रहा और पुलिस वाले स्थिति को संभालते रहे। इस बीच प्रशासन की ओर से तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखते हुए उन्हें कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा तथा यूनिवर्सिटी प्रबंधन खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आज के इस घेराव में एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, विवेक साहू, प्रदेश सचिव राजा रावत, पुष्पराज साहू, सार्थक मिश्रा, अनिमेष ग्वाल, सुमित सूर्यवंशी, उमर अहमद, फरहान खान, ऋतिक मिश्रा, ओमप्रकाश, रोशन अहिरवार, जय ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने छात्रहित में लड़ाई आगे जारी रखने की बात कही है।

### यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी को हटाने की मांग

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा का कहना है कि यूनिवर्सिटी के एक छात्र की यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में मौत मामले की विशेष जांच टीम गठित की जाए और दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। यूनिवर्सिटी की सुरक्षा अधिकारी सीमा राय को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा लिया जाए। यदि प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो एनएसयूआई मृत छात्र अर्सलान अंसारी को न्याय दिलाने के लिए उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### बीएससी के छात्र की तालाब में मिली थी लाश

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के फिजिक्स डिपार्टमेंट के बीएससी के छात्र अर्सलान अंसारी 21 अक्टूबर की शाम से हास्टल से गायब था। बाद में उसकी लाश यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में पाई गई। बिहार के छपरा से आकर छात्र के पिता ने उसकी पहचान की, उसके बाद पोस्टमार्टम के बाद उसकी लेकर बाडी वापस बिहार चले गए। इधर इस मामले में पुलिस जांच कर रही है और यूनिवर्सिटी ने हास्टल से गायब होने के मामले में अपने कमेटी बनाकर जांच करा रही है। इस मामले को लेकर यूनिवर्सिटी के छात्रों में तो नाराजगी है ही छात्र संगठनों द्वारा भी यूनिवर्सिटी की लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है।

---

### स्मार्ट चैटबॉट से मिला मैसेज 85 हजार टैक्स जमा

**बिलासपुर।** नगर निगम के स्मार्ट चैटबाट सुविधा का लाभ नागरिकों और स्वयं निगम को भी मिलने लगा है। घर बैठें मिल रही सुविधा से नागरिकों की शासकीय सेवा के प्रति दिलचस्पी बढ़ने के साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजगता आई है। नगर निगम ने 27 अक्टूबर को संपत्ति कर के 2462 बकायादारों को व्हॉटसअप आधारित अपने चैटबॉट से मैसेज भेजकर बकाया संपत्ति कर की जानकारी भेजी। जिसके बाद 24 घंटे के भीतर 17 लोगों ने 85 हजार 605 रुपए का भुगतान चैटबॉट के जरिए ही कर दिया। शेष बकायादारों के भी जल्द भुगतान करने की उम्मीद हैं। नगर निगम द्वारा व्हॉट्सअप अप आधारित चैटबाट सेवा शुरू होने के बाद से लोग शिकायत,जानकारी समेत अन्य सुविधा का लाभ ले रहे हैं। विदित है कि नगर निगम ने डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए खुद से तैयार किए गए स्मार्ट चैटबॉट सेवा शुरू किया है। बिलासपुर प्रदेश का पहला ऐसा नगर निगम है, जहां नागरिक 'स्मार्ट चैटबॉट' के जरिए अधिकांश सेवाओं का लाभ घर बैठे ले रहे हैं। इसके माध्यम से लोग प्रॉपर्टी टैक्स की जानकारी और भुगतान, बिल्डिंग परमिशन, शिकायत पंजीकरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं चंद मिनटों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा अभी देश के बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, नागपुर, भोपाल और इंदौर में उपलब्ध है। चैटबॉट से मिल रही ये सुविधाओं में प्रॉपर्टी टैक्स की पूरी जानकारी जैसे अब तक बकाया से लेकर भुगतान की सुविधा मिल रही है।

---

# वेलकम डिस्टलरी के प्रदूषण से तालाब दूषित

**किसानो ने कहा-निस्तारी तालाब ही प्रदूषित**

**बिलासपुर।** वेलकम डिस्टलरी से निकलने वाले प्रदूषित पानी से निस्तारी तालाब में प्रदूषण फैलने व न केवल पशुओं, बल्कि ग्रामीणों के भी लगातार बीमार पड़ने के विरोध स्वरूप छेरकाबांधा के ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गांव का निस्तारी तालाब ही गंदा हो गया है तो लोग दैनिक उपयोग के लिए कहां जाएंगे?

■ **किसानों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव**

कोटा ब्लाक के छेरकाबांधा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि वेलकम डिस्टलरी के द्वारा वहां से निकला गंदा पानी व राखड़ से गांव का निस्तारी तालाब प्रदूषित हो रहा है। ग्राम पंचायत में चार निस्तारी तालाब हैं, लेकिन सभी की हालत यही है। वेलकम डिस्टलरी प्रबंधन द्वारा इससे बचाव के ठोस उपाय कभी नहीं किए जाते हैं। प्रदूषित जल के उपयोग के कारण पशुओं को न केवल बीमार, बल्कि जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है।

ग्रामवासियों का आरोप है कि वेलकम डिस्टलरी प्रबंधन के द्वारा ग्राम छेरकाबांधा को गोद लिया गया है, लेकिन किसी भी तरह का विकास कार्य आज तक नहीं किया गया है। इसके विपरीत प्रबंधन के द्वारा कई एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जा करके रखा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से डिस्टलरी से निकलने वाले प्रदूषण से जल्द से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

---

# नजर नहीं आ रहा तेंदुआ सर्चिंग टीम कर रही तलाश

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत परियोजना मड़वा पावर प्लांट क्षेत्र में तेंदुए की धमक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की टीम लगातार दूसरे दिन भी निगरानी में जुटी रही।



उप वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने पूरे दिन सर्चिंग ऑपरेशन चलाया और तेंदुए के मूवमेंट के संकेतों की तलाश में आसपास के जंगलों और झाड़ियों में गश्त की। वन विभाग की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों और प्लांट क्षेत्र के कर्मचारियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों को विशेष रूप से रात्रि के समय अनावश्यक बाहर न निकलने और बच्चों एवं मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्लांट क्षेत्र में लगे कैमरा ट्रैप और निगरानी दल की रिपोर्ट से तेंदुए की उपस्थिति की पुष्टि हुई है। वन अमला हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखे हुए है। विभाग का कहना है कि सर्चिंग कर रहे है। फिलहाल तेंदुआ के होने की कोई संकेत अभी तक नहीं मिले है। लोगों को सतर्क किया गया है।

---

### दुकान में काम करने वाले दो कर्मी ही निकले चोर, खरीददार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** पुलिस ने दो शातिर चोर एवं एक खरीददार सहित कुल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दो आरोपी दुकान में ही काम करने वाले कर्मचारी निकले। पुलिस ने चोरी गया एक बंडल कॉपर वायर एवं एक लाख तेरह हजार रुपए नगदी रकम जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विनोद गैस एजेंसी के संचालक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दुकान से लगातार कॉपर वायर के बंडल चोरी हो रहे है। पुलिस ने दुकान एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें एक कर्मचारी संदिग्ध गतिविधि करते और कॉपर वायर चुराते हुए दिखाई दिया। इस पर पुलिस ने तकनीकी एवं साक्ष्य आधारित पूछताछ की जिस पर उसने दुकान में काम करने वाले एक साथी के साथ मिलकर ुल 5 बंडल कॉपर वायर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने चोरी का माल विश्वेश्वरैया द्वार के पास स्थित मंगलम ट्रेडर्स के संचालक नरेन्द्र शर्मा को बेचना बताया। इस पर पुलिस ने छापेमारी कर एक बंडल कॉपर वायर और एक लाख नौ हजार रुपए बरामद किए।

---

# धर्मान्तरण को लेकर हंगामा, 3 महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महिलाएं व बजरंग दल कार्यकर्ताओं के बीच हुआ जमकर विवाद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रार्थना सभा के दौरान धर्मान्तरण को लेकर महिलाएं व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर विवाद हुआ है। पुलिस ने तीन महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सोमवार को दोपहर में सरकण्डा क्षेत्र के ग्राम बहतराई में बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर प्रार्थना सभा कर रही थी। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और हिन्दू महिलाओं को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का आरोप लगाकर हंगामा मचाने लगे। सभा आयोजित कर रही महिलांए भी विरोध में सामने आ गई, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनातनी हो गई। लोगों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सरकण्डा पुलिस मौके पर पहुंच गई। बजरंग दल के कार्यकर्ता धर्मान्तरण कराने का आरोप लगा रही थी। वहीं महिलाएं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर जबरिया हुज्जतबाजी करने का आरोप लगा रही थी। काफी गहमागमी के बीच पुलिस ने दोनों पक्ष को समझाइश देकर शांत कराया। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता चांटीडीह निवासी गौरव धनकर की रिपोर्ट पर प्रमिला केंवट, पूनम शर्मा, अमृता लाल एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 3, 5 धारा 3 छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र अधिनियम 1968 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 170 बोतल देशी शराब सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस 170 बोतल देशी शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। हिर्री पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरसेनी निवासी कुमार नायक पति राजकुमार नायक 52 साल, रामकुमार नायक पिता स्व. रामबली नायक 46 साल को पकड़कर 170 बोतल देशी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### अंधे कत्ल के आरोपियों को आजीवन कारावास

**सूरजपुर**। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने अंधे कत्ल के आरोपियों को दी आजीवन कारावास की सजा सुनाई। डॉग स्क्वाड, लास्ट सीन थ्योरी और कॉल डिटेल बने सजा के मुख्य आधार। ग्राम नमदगिरी निवासी नरेश देवांगन ने 3 जनवरी 2024 को थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि सुनील देवांगन 2 जनवरी की शाम 7 बजे घुमने निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। सुबह 8 बजे करीब विजय शौच करने सोहन के खेत तरफ गया था तो देखा कि खेत में एक व्यक्ति शव पड़ा देख घटना की सूचना सरपंच पति को दिया। शव का पहचान सुनील देवांगन के रूप में हुआ मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृत्यु की प्रकृति हत्यात्मक लेख किए जाने पर थाना सूरजपुर में अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की विवेचना निरीक्षक थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना दौरान मौके पर डॉग स्क्वाड की सहायता लेने पर डॉग मास्टर द्वारा मृतक सुनील देवांगन के कमरे में एवं पत्नी लक्ष्मी देवांगन की ओर इंगित करने एवं मुखबीरों ने भी मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवांगन तथा रामकुमार के साथ संबंध होने की सूचना मिली। लक्ष्मी देवांगन से पूछताछ पर उसने जुर्म स्वीकार कर बताया कि उसका रामकुमार से संबंध होने एवं इसके बारे में पति सुनील को शक होने पर झगड़ा-विवाद करने पर दोनों ने सुनील को मारने की योजना बनाकर गमछा से सुनील के गले को दबाकर हत्या कर शव को कुछ दूर ले जाकर खेत में लिटा दिया। इसके अलावा प्रकरण में अन्य पुख्ता साक्ष्य संकलित करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय सूरजपुर में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए प्रकरण में डॉग क्वार्ड, फारेसिंक एविडेंस, कॉल डिटेल के आधार अपराध सिद्ध होने से आरोपी ग्राम नमदगिरी निवासी रामकुमार केंवट आ. स्व. गोपाल (32 वर्ष) एवं लक्ष्मी देवांगन पति स्व. सुनील (28 वर्ष) को धारा 302, 34 भादसं. के अपराध हेतु आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड, धारा 201, 34 भादवि के अपराध हेतु 2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### भाई की मौत की सूचना सुनकर जा रहे छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत

**अम्बिकापुर**। सोमवार की रात एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। काम करके घर लौट रहे एक युवक की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर मौत हो गई। इधर बड़े भाई के मौत की सूचना मिलने के बाद स्कूटी से घटना स्थल की ओर जा रहा छोटा भाई भी सड़क हादसे का शिकार हो गया। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया था लेकिन बिलासपुर पहुंचने के बाद उसकी भी मौत हो गई। इधर साथ दो भाइयों की मौत के परिवार सदमे में है जबकि क्षेत्र में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि लखनपुर विकासखंड एक ग्राम केवरी निवासी 35 वर्षीय योगेन्द्र पैकरा आ. स्व. अमरेस पैकरा सूरजपुर जिले के जयनगर अंतर्गत लटोरी में रहकर काम करता था। 27 अक्तूबर को योगेन्द्र काम करने के बाद रात 9.30 बजे बाइक से वापस लौट रहा था। इस दौरान गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम चठिरमा के समीप सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े ट्रक से बाइक सवार युवक टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी की युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना और युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची गांधीनगर पुलिस द्वारा शव को उठवाकर मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही मृतक की शिनाख्त की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जन्म के पहले...

कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला एसईसीएल प्रबंधन के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि वे भू-विस्थापितों के अधिकारों को और अधिक समय तक दबा नहीं सकते इस फैसले से उच्च न्यायालय का आदेश बरकरार रहेगा और न्याय की जीत हुई है।

### कुदमुरा-श्यांग सहित एक दर्जन से अधिक सड़कों का मुख्यमंत्री ने किया था भूमिपूजन

# चिर्रा-श्यांग सहित जिले में 173 करोड़ की लागत से होगा सड़कों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा प्रवास के दौरान कुदमुरा-श्यांग मार्ग सहित कई महत्वपूर्ण मार्गों का भूमिपूजन किया। कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत 12 किलोमीटर लंबी कुदमुरा से श्यांग तक की सड़क का निर्माण अब शीघ्र प्रारंभ होने जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 12 दिसंबर 2024 को रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुदमुरा से श्यांग मार्ग लागत 935.44 लाख, लंबाई 12 किमी) तथा कटघोरा विधानसभा के अंतर्गत उतरदा मंडी से रेंकी मार्ग 669.76 लाख, लंबाई 8 किमी एवं पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र में खमारमुड़ा से भुकभुकी पारा मार्ग पर अंजननाला में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 120.37 लाख भी स्वीकृत किया गया है। इसी तरह 12 जून को कटघोरा बायपास मजबूतीकरण 1307.63 लाख, रंजना-लिटियाखार मार्ग 291.34 लाख, गिधौरी-चारपारा मार्ग 773.53 लाख, हिर्रीआमा-बदरागढ़ मार्ग 712.08 लाख, तथा झगरहा-कोरकोमा-पसरखत-चचिया मार्ग 2980.75 लाख सहित अनेक सड़कों का निर्माण कार्य शामिल हैं। पाली, कटघोरा और पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में को भी बेहतर मार्ग में शामिल किया गया है। इन सभी परियोजनाओं में अधिकांश सड़कें डीएमएफ से स्वीकृत राशि से निर्मित की जाएंगी।

# जिले में 3 अरब 33 करोड़ राम नाम लेखन महायज्ञ का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम नाम लेखन महायज्ञ समिति की प्रथम विशाल बैठक सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में सम्पन्न हुई। इस बैठक में 368 राम भक्तों की उपस्थिति रही। बालको के राम भक्तों की संगीत टोली ने अपने भजनों से भक्तिमय वातावरण का निर्माण किया। मेदनी मिश्रा के आनन्ददायी राम नाम ध्यान ने शक्ति का संचार किया। योगेश जैन ने बैठक की भूमिका प्रस्तुत की। तत्पश्चात बैठक के आयोजक डा. विशाल उपाध्याय ने समिति के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल तथा संयोजक योगेश जैन के नाम की घोषणा की जिसकी राम भक्तों ने तालियां बजाकर हर्षोल्लास किया। नगर संघचालक तथा रामजन्म भूमि निधि संग्रह समिति के अध्यक्ष अशोक तिवारी ने राम नाम लेखन का महत्व बताया। योगेश जैन के आग्रह पर समिति के अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने भावयुक्त उद्बोधन दिया। सह विभाग संघचालक किशोर बुटोलिया ने इस महायज्ञ की विस्तृत भूमिका रखी। अन्त में अध्यक्ष की अनुमति से सचिव योगेश जैन ने कोरबा उप नगरों के संयोजक तथा जिला कार्यकारिणी की प्रथम घोषणा की। जिसमें मार्गदर्शक मण्डल सन्त रघुनाथ छुरी, साध्वी गुरु मां केंदई, सत्येन्द्र नाथ दुबे, किशोर बुटोलिया, डाक्टर विशाल उपाध्याय, अशोक तिवारी, जिला अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल, जिला संयोजक योगेश जैन, सह संयोजक देवेन्द्र द्विवेदी, टेकचंद अग्रवाल, अजय कंवर, किताब सिंह, विरेन्द्र मरकाम, प्रचार प्रमुख आशीष गोयल, कोषाध्यक्ष के एम बाबु, सदस्य कमलेश मिश्रा, सुमीत सिंह पाली, प्रमोद अग्रवाल बांकीमोगरा, घासीदास उपनगर प्रमुख राकेश मिश्रा, भगतसिंह उपनगर प्रमुख हरिकेत गुप्ता, शिवाजी उपनगर प्रमुख रमेश शर्मा, केशव उपनगर प्रमुख रमेश कश्यप, विवेकानंद उपनगर प्रमुख डी वेंकट राव उपस्थित थे।

# आबकारी विभाग ने 305 लीटर महुआ शराब के साथ 1 हजार किलो लाहन किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कार्यवाही के दौरान जप्त की गई महुआ शराब।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में 28 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना पर ग्राम छीतापाली थाना उरगा में आबकारी की सयुंक्त टीम द्वारा दबिश दी गई। जहां नाले किनारे 6 चढ़ी भट्टियां जिनमें शराब बनाया जा रहा था। घटनास्थल के आसपास तलाशी लेने पर कुल 305 ली महुआ शराब एवं लगभग एक हजार किलो महुआ लाहन बरामद किया गया है। बरामद महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं होने पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,च), 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# छठ पूजा से लौट रही युवती से लुटेरे ने छीना मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती कुछ अन्य महिलाओं के साथ छठ पूजा में शामिल होने गई थी जहां छठ पूजा में शामिल होकर सभी महिलाएं अपने घर वापस आ रही थीं तभी मोटर सायकल में सवार दो युवक पीछे से पहुंचे और युवती के हाथ में रखे मोबाइल को लूटकर फरार हो गए। युवती ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस में की है जिस पर पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1 निहारिका एलआईजी-2 निवासी सरिता दास उम्र 38 वर्ष पति दीपकंर दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 अक्टूबर की शाम 7:50 बजे सुबोध सिंह के घर से छठ का प्रसाद लेकर पड़ोसी महिलाएं दशहरा मैदान के बीच से होकर अपने घर जा रही थी तभी दो अज्ञात युवक जो मोटर साईकल में सवार थे तेजी से उनके पास मोटर सायकल सवार आए और मोटर सायकल के पीछे में बैठा काला कपडा पहना और काला कपडा से मुंह ढके युवक ने सरिता के हाथ से मोबाईल को छीनकर भाग निकले। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बाइकर्स के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### टायर दिलाने के नाम से 22 हजार ठगा ट्रांसपोर्टर से

**कोरबा**। टायर दिलाने के नाम पर एक ट्रांसपोर्टर से 22 हजार रुपए ठगे जाने की घटना सामने आयी है। मामले में हरदीबाजार पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रलिया निवासी अमर सिंह चौहान उम्र 36 वर्ष पिता कार्तिकराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। सोनू यादव उर्फ अक्षय यादव जो कि श्रीराम कंपनी में वाहन सिजिंग का काम करता है उससे उसकी जान पहचान है। सोनू ने बिलासपुर के वाहन मालिक से 6 नग टायर को बेच रहा है टायर दिलाने के नाम पर उससे 22 हजार रुपए की मांग की थी। जिस पर अमर सिंह ने सोनू को पैसा दे दिया परंतु सोनू न तो अमर सिंह को टायर दे रहा है और न ही अमर सिंह के पैसे को वापस कर रहा है। 17 अक्टूबर को शिकायत किए जाने के बाद सोनू यादव ने अमर सिंह को 2 हजार रुपए वापस किया है। शेष रकम आज दिनांक तक वापस नहीं किया है और रकम मांगने पर सोनू यादव के द्वारा गाली गलौच कर मारने की धमकी दी जा रही है। अमर सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने सोनू यादव के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध लिया है।

# छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


भूमिपूजन करते विधायक।

छग सर्व ब्राम्हण कल्याण समाज हरदीबाजार के भाटापारा स्थित परशुराम भवन परिसर में वर्तमान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अनिल टंडन, सरपंच लोकेश्वर कंवर के द्वारा भूमिपूजन कराया गया। ब्राम्हण समाज के परशुराम भवन हेतु आहाता निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रुपए, सतनाम भवन में पेवर ब्लॉक, सीसी रोड निर्माण आदि हेतु मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण से कुल 13 लाख बीस हजार के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। साथ ही जनपद निधि से सी सी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रुपए का भी भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के संरक्षक अनिल पांडेय, कोषाध्यक्ष मदन गुरुद्वान, सचिव दिनेश गुरुद्वान, सहसचिव रमाकांत गुरुद्वान, मिडिया प्रभारी विनोद उपाध्याय, प्रदीप पांडेय, योगेश मिश्रा, दिनेश बाजपेई, अशोक मिश्रा,जतिन उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष अजय कुमार दुबे ने पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर को आहाता निर्माण हेतु राशि प्रदान करने आभार जताया। विधायक प्रेमचंद पटेल से मंच निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधित करते हुए समाज के आग्रह को स्वीकार करते हुए मंच निर्माण हेतु 3 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही पेयजल हेतु बोर घनन करवाने की बात कही।

# डिजिटल फसल सर्वे का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, पटवारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


निरीक्षण करते कलेक्टर।

अजीत वसंत ने भैंसमा तहसील के अंतर्गत ग्राम करमंदी पहुंचकर किसानों के खेतों में चल रहे डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सर्वेयरों, पटवारियों और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गिरदावरी कार्य त्रुटिरहित और पूरी शुद्धता से किया जाए। कलेक्टर वसंत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन गांवों में अब तक डिजिटल सर्वे नहीं हुआ है, वहां भी सटीक गिरदावरी कार्य सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसान भरतलाल और चमार साय से बातचीत कर डिजिटल फसल सर्वे के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से खेती के वास्तविक क्षेत्रफल और फसलों की जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज होगी, जिससे रकबे में गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे एप्प के जरिए सर्वेयर प्रत्येक खेत का फोटो लेकर संबंधित खसरा नंबर में प्रविष्टि करेंगे। इस प्रक्रिया से किसानों को फसल बेचने के लिए दस्तावेज़ सत्यापन के झंझट से राहत मिलेगी और फसल से जुड़ी सारी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। इससे किसानों को अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचने में भी आसानी होगी। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, एसडीएम सरोज महिलांगे, तहसीलदार के.के. लहरे सहित ग्रामीण और किसान उपस्थित थे। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, शासन द्वारा कोरबा जिले की 12 तहसीलों के 417 ग्रामों का जियो-रिफ्रेंसिंग कार्य पूरा किया जा चुका है। 30 सितंबर तक कुल 3 लाख 67 हजार 864 खसरों का सर्वेक्षण 951 सर्वेक्षकों द्वारा किया जाना है। अब तक इनमें से 2312 खसरों का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जिनका अनुमोदन संबंधित पटवारियों द्वारा किया जा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की पहल पर मेडिकल कॉलेज छात्रा की फीस हुई माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फीस माफ का प्रमाण पत्र देते जिपं अध्यक्ष।

पोंड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोडगार की रहने वाली हेमलता सोरठे अब डॉ बनने का अपना सपना पूरा कर सकेगी। यह संभव हुआ है जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह की संवेदनशील पहल और कलेक्टर अजीत बसंत के निर्णय के कारण।

बीते 16 अक्टूबर को कोडगार निवासी शिवबालक सोरठे, जो बीपीएल परिवार से आते हैं, अपनी बेटी हेमलता सोरठे के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह के निज निवास तुमान पहुंचे। पिता-पुत्री ने बताया कि हेमलता का चयन शासकीय चिकित्सक महाविद्यालय, महासमुंद में एमबीबीएस के लिए हुआ है, लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे कॉलेज की फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए श्री सिंह ने तत्काल पहल की और कलेक्टर अजीत बसंत से मुलाकात कर हेमलता की समस्या को उनके समक्ष रखा। कलेक्टर अजीत बसंत ने छात्रा की स्थिति को देखते हुए उसकी पूरी कॉलेज फीस 7 लाख 81 हजार रुपये माफ करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से हेमलता और उसके परिवार की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। गरीब परिवार की बेटी का डॉक्टर बनने का सपना अब हकीकत में बदलने जा रहा है। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य यही है कि किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी का भविष्य आर्थिक तंगी के कारण न रुक पाए। हेमलता जैसी मेधावी बच्ची हमारे क्षेत्र की प्रेरणा है, और मुझे गर्व है कि हमने मिलकर उसका सपना साकार करने में भूमिका निभाई। वहीं हेमलता सोरठे ने कहा कि मैं दिल से धन्यवाद देना चाहती हूँ डॉ. पवन सिंह और कलेक्टर अजीत वसंत को जिनकी मदद से अब मैं एमबीबीएस की पढ़ाई कर पाऊँगी।

# भगवान श्री कृष्ण ने दिलाई मथुरावासियों को कंश के अत्याचार से मुक्ति : टंकेश


कथा सुनते हुए श्रोता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक आचार्य टँकेश दुबे ने कंश वध व उद्धव प्रसंग के साथ साथ देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि मथुरा में कंश का आतंक बढ़ने से नगरवासी काफी भयभीत रहते थे, सभी देवता भी प्रभु से निवेदन करने लगे कि प्रभु मथुरा में कंश का आतंक बढ़ते जा रहा है, कंश का वध कर मथुरा वासी को इसके आतंक से मुक्त करो। सभी की प्रार्थना सुनकर कन्हैया अपने भाई बलराम के साथ मथुरा नगरी पहुंचते हैं और योद्धाओं के साथ युद्ध होता है जब सभी योद्धा हार जाते हैं तब स्वय कंश कन्हैया से युद्ध करने के लिए आते हैं और कहते हैं कि हे बहरूपिया लगता है कि तेरी मृत्यु मेरे ही हांथो लिखी हुई है और एक ओर सभी देवता भी कंश को मृत्य का इंतजार कर रहे थे और दोनों के बीच युद्ध प्रारंभ होता है जिसमे प्रभु के हांथो कंश का वध हो जाता है और जैसे ही कंश का वध होता है स्वर्ग लोक के सभी देवता प्रभु के ऊपर पुष्प की वर्षा करने लगते हैं इस बीच प्रभु ने सभी मथुरा वासियो को कंश के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। नारद जी ने बताया कि आपका पाणिग्रहण संस्कार द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण के साथ निश्चित है तब रुक्मिणी ने भगवान श्री कृष्ण को पत्र लिखा भगवान श्री कृष्ण अपने रथ में कुंदनपुर आते व इसी बीच देवी रुक्मिणी देवी पूजा के लिए जाती है तभी भगवान श्री कृष्ण रुक्मिणी को रथ में बैठाकर द्वारिका की ओर ले जाते हैं इतने में शिशुपाल अपनी अक्षणि सेना लेकर आते हैं।

# कस्तूरबा छात्रावास में चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, कटघोरा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, पर्यावरण चेतना और नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ अर्नव चटर्जी मुख्य क्षेत्रिय प्रबंधक बिलासपुर, राहुल रमन एमआईएस, शुभम पायरा विक्रय अधिकारी, मनोज अग्रवाल गोमती फ्यूल्स कटघोरा, अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा व अंजू प्रभाकर अधीक्षिका के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मनोज अग्रवाल के द्वारा छात्राओं को प्रतियोगिता के नियम बताए गए और उन्हें स्वच्छ भारत, हरित भारत, ऊर्जा संरक्षण तथा नारी सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजन में कुल 13 छात्राओं ने भाग लिया। कई छात्राओं ने समाज में स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देती हुई आकर्षक कलाकृतियाँ प्रस्तुत कीं। कुछ चित्रों में महिला सशक्तिकरण की झलक दिखाई दी, तो कुछ ने जल और ऊर्जा बचाने का संदेश दिया। निर्णायक मंडल के द्वारा मिडिल व हाई स्कूल के आधार पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया। जिनमें कुमारी आन्या, कुमारी योगिता, आकृति कंवर, शारदा कंवर, आराध्या उम्दा प्रदर्शन किये।

# राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ी गायक सहित कवि देंगे अपनी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा






जिले में तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव घंटाघर चौक में आयोजन किया जाएगा। स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति राष्ट्रीय स्तर, राज्य स्तर व स्थानीय जिले के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक कलाकार द्वारा देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति देंगे। संस्कृतिक कार्यक्रम हेतु समय निर्धारित किया गया है, जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुती दी जाएगी। 2 नवंबर को जसगायक दिलीप षडंगी, 3 नवंबर को लोक गायिका श्रीमती अलका चन्द्राकार एवं 4 नवंबर को कवि सम्मेलन अंतर्गत अरुण जैमिनी व श्री चिराग जैन (दिल्ली) व अन्य 4 कवियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### देश विदेश में गौरवान्वित कर रहे मेरे शिष्य ही मेरा वास्तविक धन : नवलकिशोर

**कोरबा।** मेरे ये शिष्य ही मेरी धरोहर हैं। सेवानिवृत्ति के दिन विदाई की इस विशेष घड़ी को यादगार बनाते हुए इन्होंने जो अमूल्य उपहार दिया है, वह निश्चित रुप से मुझे जीवन के अगले पड़ाव में आगे की जिम्मेदारियों को और भी बेहतर तरीके से निभाने प्रेरित करता रहेगा। एक शिक्षक की भूमिका में 37 वर्षों की यात्रा के दौरान अनेक क्षेत्रों में कीर्तिमान गढ़ने वाले मेरे इन विद्यार्थियों की सफलता ही मेरा वास्तविक धन है, जो मैंने भरपूर अर्जित किया है। उक्त बातें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एचटीपीपी (पश्चिम) में अपने रिटायरमेंट के दिन आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य नवलकिशोर शुक्ला ने कही। विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं के सहयोग से आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि रहे ख्यातिलब्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी पीएमजेफ लायन डा राजकुमार अग्रवाल ने शाल-श्रीफल भेंटकर श्री शुक्ला को सम्मानित किया।

### पूर्व मंत्री ने बाबा बैद्यनाथ में दर्शन कर की सुख समृद्धि की कामना



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने झारखण्ड के देवघर में स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में बाबा बैद्यनाथ एवं माता पार्वती का जलाभिषेक कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना किया और छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित बिहार एवं झारखण्ड के प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और प्रगति के लिये प्रार्थना किया। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बिहार चुनाव के लिये एआईसीसी ने लखीसराय जिला का पर्यवेक्षक बनाया है। जिसके लिये श्री अग्रवाल का लखीसराय जिला के कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय दिलाने उनका दूसरा चुनावी दौरा कार्यक्रम है। वे दीपावली से पहले दो दिवसीय दौरा कर चुके हैं। श्री अग्रवाल मंगलवार की सुबह दिल्ली से देवघर पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले बाबा बैद्यनाथ के दर्शन व पूजा अर्चना किया तत्पश्चात दोपहर 3 बजे लखीसराय के लिये प्रस्थान (रवाना) हुए।

### धर्म और संस्कार ही जीवन का आधार : नरेंद्र देवांगन



**कोरबा।** प्रेमनगर, जेलगांव चौक स्थित प्रांगण में चल रहे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के तृतीय दिवस के पावन अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। श्री देवांगन ने मां गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं पूज्य माताजी पं. श्रीमती भगवती देवी शर्मा के चित्रों के समक्ष पूजा-अर्चना कर समाज में धर्म, संस्कार और सद्भावना के प्रसार की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और संस्कारों की जागृति होती है। गायत्री परिवार द्वारा संचालित यह अभियान मानवता और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की दिशा में अनुकरणीय है। कार्यक्रम में पूज्य संतजन एवं यज्ञाचार्यगणों द्वारा वेद, पुराण, धर्म, कर्म और जीवन मूल्यों पर दिए गए प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और प्रेरणा से भर दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप में उपस्थित थे। जिला खनिज न्यास सदस्य एवं पार्षद मुकुंद सिंह कंवर, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र साहू, भाजपा नेता कृष्णा द्विवेदी, आशीष द्विवेदी, श्याम ध्रुव, श्रीमती अमृता निषाद, पार्षद की धर्मपत्नी श्रीमती सीता पटेल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

मंगलवार की सुबह छठ घाट में सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नजर आयी श्रद्धालुओं की आस्था

# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का हुआ समापन



अर्घ्य देती हुई व्रती महिलाएं।



छठघाट में उमड़ा जनसमूह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार दिन तक चलने वाले सूर्य उपासना का पर्व छठ का समापन मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित करने के साथ हुआ। इस दौरान शहर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं और पुरुषों ने परंपरागत रीति से पूजा-अर्चना करते हुए भगवान सूर्य और छठी मैया से परिवार की सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की।

ढेंगुरनाला छठ घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। सूर्य उदित होने के पूर्व श्रद्धालुओं की आस्था छठ घाट में उमड़ पड़ी। व्रतधारी महिलाओं ने जल में खड़े होकर अर्घ्य अर्पित किया और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। ढेंगुरनाला के साथ बालको के राम मंदिर छठघाट, अयप्पा मंदिर छठ घाट के अलावा कटघोरा के राधा सागर तालाब एवं बांकीमोंगरा व दीपका में भी नदी और तालाबों में उगते सूरज को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में छठ पर्व के उपासकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। अर्घ्य देने के साथ ही छठ घाट में ही छठ माता के प्रसाद का वितरण भी श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ। इससे पहले रविवार को नहाय-खाय, सोमवार को खरना और मंगलवार की शाम सांझी अर्घ्य के साथ पूजन हुआ। छठ व्रतियों ने पूरी निष्ठा और संयम के साथ व्रत का पालन कर लोक परंपरा को जीवंत बनाए रखा।

**खास बात**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के छठ घाट में विधि विधान से अर्घ्य देने के बाद हुआ प्रसाद का वितरण



कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधिकारी।

## पुलिस स्मृति दिवस पर अग्रसेन कन्या कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर परअग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर के मार्गदर्शन में शस्त्र प्रदर्शनी व राष्ट्र निर्माण में पुलिस की भूमिका विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को पुलिस बल की कार्यप्रणाली, आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं आधुनिक हथियारों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से आरआई अनथराम पैकरा, एसआई अंगध्वज राठौर, उप निरीक्षक अजय सोनवानी साइबर सेल प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्राचार्य डॉ. एमके झा, उप-प्राचार्या श्रीमती किरण बाजपेयी, श्रीमती गौरी वानखेड़े (स्पोर्ट्स ऑफिसर) एवं अन्य प्राध्यापकों ने कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन किया। प्रतियोगिता में खुशबू बनो, नगमा बनो, आयुषी पटेल, सानिया, लीना सिंह, सिल्की अग्रवाल, सिद्धी, ममता यादव, शिवांगी चौहान, मनीषा कुमारी, रूपाली साहू, डिंपल साहू, अदिति नंदा, नरिंदर कौर, प्रभजोत कौर, गीतू साहू ने हिस्सा लिया। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित शस्त्र प्रदर्शनी में छात्राओं ने आधुनिक हथियारों की तकनीकी जानकारी प्राप्त की और पुलिस कर्मियों से उनके उपयोग एवं रखरखाव के संबंध में प्रश्न पूछे। साथ ही साइबर सेल कोरबा द्वारा साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

## तीन अलग अलग स्थानों में हुई चोरी जेवरात सहित नकदी रकम ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में फिर से चोरी की घटना सामने आयी है। पुलिस ने तीनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

बालको थाना क्षेत्र के शांतिनगर रुमगरा निवासी धन्नू देवी राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मेन रोड रूमगडा में धन्नू देवी का दिप्ती सिगांर नामक दुकान है। 26 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8 बजे दुकान को बंद कर वह अपने घर चली गई थी। जब वह 27 अक्टूबर की सुबह लगभग 9.20 बजे दुकान आयी और दुकान का ताला खोलकर दुकान अंदर प्रवेश की तो देखी कि दुकान के छत में लगा शीट टूटा हुआ था। दुकान अंदर का समान बिखरा हुआ है तथा दुकान के दराज में रखे लगभग 45 हजार रूपये नगदी रकम एवं एक जोडी चांदी का पायल लगभग 10 तोले को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। चोरी की दूसरी घटना सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र में घटित हुई है। आईटीआई रामपुर निवासी विजय सौसेरा उम्र 53 वर्ष पिता स्व. भोलाराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ड्रायवरी का काम करता है। विजय की पुत्री लीलीमा सौसेरा ने बीएड का फार्म भरने के लिए विजय से रकम की मांग की थी जिस पर विजय ने अपने भाई से उधारी में 53 हजार रुपए लेकर उसे दिया था जिसे वह अपने फाईल में रखी थी। 22 अक्टूबर की रात के समय सभी खाना खाकर सो रहे थे तभी किसी अज्ञात चोर के द्वारा घर के अंदर घुसकर विजय की पुत्री के फाईल में रखे रकम को चोरी कर लिया गया तथा उसके फाईल को घर के दरवाजे के पास फेंक दिया था। चोरी की तीसरी घटना दर्री थाना क्षेत्र के नदियाखार में घटित हुई है। यहां निवासरत एनटीपीसी प्लांट में ठेका कर्मी के रुप में कार्यरत लक्ष्मण वर्मा के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर लगभग 40 तोला चांदी के जेवरात और नगदी समेत मोबाइल ले भागे हैं। दर्री पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। पुलिस मामले में छानबीन करने के लिए मौके पर पहुंची थी। मंगलवार की देर शाम तक इस मामले में अपराध दर्ज नहीं हो पाया था। पुलिस का कहना है कि प्रार्थी के आने के बाद मामले में अपराध दर्ज किया जाएगा।

**खास बात**

- बालको, सिविल लाइन व दर्री थाना क्षेत्र का मामला

### सभी मामलों में पुलिस लगी है आरोपियों की तलाश में

शहर सहित आउटर में लगातार पिछले कुछ दिनों में चोरी की घटनाएं सामने आई है। खासतौर पर सिविल लाइन क्षेत्र के राजस्व कॉलोनी में दो बड़ी चोरी की घटना सामने आयी है। जहां लेखापाल और खनिज विभाग के इंस्पेक्टर के घर लाखों की चोरी की घटना सहित कुछ अन्य चोरियां भी शामिल हैं। पुलिस की विशेष टीम चोरी के मामलों को सुलझाने के लिए चोरों की धरपकड़ के लगातार प्रयास में जुटी हुई है और ताकि चोरों के मंसूबों को नाकाम किया जा सके और चोरी के मामलों को सुलझाया जा सके। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य जांच के आधार पर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। देखना होगा कि पुलिस चोरी के मामलों को कब तक सुलझा पाती है।

### लोग बरतते हैं लापरवाही

जिला पुलिस अक्सर लोगों से अपील करती है कि यदि लोगों को घर से बाहर जाना हो तो अपने कीमती सामानों को अपने परिचित के यहां रखवाएं या फिर अपने घर में सोने के लिए अपने नाते रिश्तेदार को चाबी देकर जाए ताकि चोर सूनेपन का फायदा उठाकर कर अपने मंशूबे पर कामयाब ना हो पाए लेकिन पुलिस की अपील का लोगों पर कोई खास असर नहीं पड़ता है और अक्सर छुट्टी के दिनों में या फिर काम से लोग बाहर जब जाते हैं तो अपने मकानों में कीमती सामानों को अलमारी में ही छोड़कर ताला बंद कर घरों से चले जाते हैं और चोर सूने मकान की ही तलाश करते रहते हैं। जैसे ही उन्हें सूने मकान नजर आते हैं वे अपने मंशूबों पर कामयाब हो जाते हैं और सामानों की चोरी कर चोरी के माल को खपा देते हैं। लोगों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है और यदि वे अपने घरों से किसी काम से बाहर जा रहे हैं तो निश्चित तौर पर सावधानी बरतें।

## चीतल व जंगली सुअर का शिकार कर बेच रहे थे मांस, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में वन्य प्राणियों के शिकार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के पाली रेंज में फिर से चीतल व जंगली सूअर का शिकार कर उसे बेचने का मामला सामने आया है। एक दिन पहले ही कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में भी इसी तरह का मामले सामना आया था। इस मामले में पांच आरोपियों को वन विभाग ने सलाखों के पीछे भेजा है तो वहीं पाली वन विभाग की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कटघोरा वनमंडल के पाली वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले चोढ़ा जंगल में जंगली हिरण सुअर का शिकार करने के लिए ग्रामीणों ने जंगल में जाल बिछाया था। बीती रात को जाल में एक चीतल व एक जंगली सुअर फंस गया था। जाल बिछाने वाले शिकारी जंगल में पहुंचे और जाल में फंसे चीतल और जंगली सुअर का मांस काटकर उसे गांव मे लाकर बेचने लगे इस बीच कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्काल आरोपियों की धरपकड़ के लिए पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा को निर्देशित किया जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम ने ग्राम चोढ़ा में दबिश दी और ग्राम चोढ़ा निवासी भागवत उम्र 45 वर्ष पिता बुधवार, रामबती सरोटिया पिता बुधवार, लच्छु राम उम्र 59 वर्ष पिता कार्तिक को गिरफ्तार कर उनके पास से हिरण और सुअर का मांस जप्त किया। पकड़े गए ग्रामीणों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय पाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से सभी ग्रामीणों को जेल भेज दिया गया है। इस दौरान वन परीक्षेत्र अधिकारी पाली संजय लकड़ा ,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मुरली उज्जैन सिंह पैकरा ,वन रक्षक महेंद्र कुमार देवांगन एवं दूज राम कंवर,वाहन चालक वीरेंद्र डिक्सेना का विशेष योगदान रहा ।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के पाली क्षेत्र के चोढ़ा का मामला



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्य आरोपी हुआ फरार



पाली वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी थी लेकिन जैसे ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची मामले का मुख्य आरोपी ग्राम मुरली निवासी रमाशंकर मौके से फरार हो गया है। फिलहाल वन विभाग की टीम ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और फरार चल रहे रमाशंकर की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है जल्द ही आरोपी को धरदबोचा जाएगा।

### ऊंचे दामों पर बेचा जाता है ग्रामीणों को

कोरबा व कटघोरा वनमंडल चीतल व जंगली सुअर सहित अन्य वन प्राणियों के लिए बेहतर रहवास माना जाता है। दोनों ही वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्रों में बड़े पैमाने पर चीतल का बसेरा है। खासतौर पर करतला वन परिक्षेत्र में चीतल और जंगली सुअर की संख्या सबसे अधिक है लेकिन लगातार इन वन्य प्राणियों के शिकार का मामला सामने आ रहा है। जिससे उनकी जान सांसत में है। बताया जाता है कि जंगली सुअर को चीतल का शिकार ग्रामीणों द्वारा किया जाता है और उन्हें ऊंचे दामों में ग्रामीणों को खपाया जाता है।

### वनांचल स्कूल तराईनार में नया शिक्षक मिलने से बच्चों को मिलेगी बेहतर पढ़ाई

**कोरबा।** पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के सबसे दूरस्थ वनांचल ग्राम पसान के आगे स्थित प्राथमिक शाला तराईनार वर्ष 1997 से शिक्षा की ज्योति जलाए हुए है। घने जंगलों के बीच बसे इस गांव तक पहुंचना आसान नहीं, लेकिन यहां के बच्चों की आँखों में ज्ञान पाने की वही चमक है जो शहरों के विद्यार्थियों में होती है। लंबे समय से यह विद्यालय एकलशिक्षकीय के रूप में संचालित हो रहा था। प्रधानपाठक श्री मना सिंह मेश्राम को अकेले ही पढ़ाई, कार्यालयीन कार्य, मिड डे मील, विद्यालय प्रबंधन और समुदाय से जुड़ी सभी जिम्मेदारियाँ निभानी पड़ती थीं। छुट्टी या बीमारी की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। शिक्षक तुलसीदास कौशिक का सहयोग मिला। उन्होंने 5 जून को विद्यालय में जॉइन किया और अब विद्यालय में नई ऊर्जा का संचार हो गया है। विद्यालय में 26 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

ईपीएफओ 3.0 नामक नवीन डिजिटल व्यवस्था की हुई शुरुआत

# अब ईपीएफओ कार्ड के माध्यम से सीधे पीएफ खाते से निकलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने डिजिटल युग में एक नया कदम उठाते हुए एक घोषणा की है कि अब भविष्य निधि का धन निकालने के लिए लंबी प्रतीक्षा करने या जटिल फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं रहेगी। संगठन ने ईपीएफओ 3.0 नामक एक नवीन डिजिटल व्यवस्था प्रारंभ की है जिसके अंतर्गत खाताधारक बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करने वाले विशेष ईपीएफओ कार्ड के माध्यम से सीधे अपने पीएफ खाते से धनराशि निकाल सकेंगे। यह योजना पूर्णतः डिजिटल और पारदर्शी है जो कर्मचारियों को सुविधा और शीघ्रता दोनों प्रदान करेगी।

यह नवीन व्यवस्था प्रधानमंत्री द्वारा संचालित डिजिटल रोजगार योजना और ई-गवर्नेंस सशक्तिकरण परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक कर्मचारी अपने अधिकारों और बचत राशि तक तुरंत और सरलता से पहुंच प्राप्त कर सके। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस पहल के माध्यम से न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाया है बल्कि अब खाताधारकों को बैंकों या ऑनलाइन पोर्टल पर पूर्णतः निर्भर रहने की आवश्यकता भी समाप्त हो जाएगी। यह व्यवस्था कर्मचारियों को वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। ईपीएफओ 3.0 वास्तव में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की एक आधुनिक डिजिटलीकृत प्रणाली है जिसमें खाताधारकों को एक विशिष्ट प्रकार का एटीएम कार्ड जारी किया जाएगा। यह कार्ड उनके यूनिवर्सल खाता संख्या यानी यूएएन से सीधे जुड़ा रहेगा जिससे पहचान और सत्यापन में आसानी होगी। इस कार्ड की सहायता से कोई भी सदस्य अपने निकटतम एटीएम माइक्रो एटीएम या ईपीएफओ द्वारा अधिकृत केंद्र पर जाकर तत्काल धनराशि निकाल सकेगा। पूर्व में जहां पीएफ की राशि निकालने में पांच से सात दिन या इससे भी अधिक समय लग जाता था अब यह प्रक्रिया तुरंत संपन्न हो सकेगी। जैसे ही कर्मचारी कार्ड को स्वाइप करेगा और ओटीपी या पिन दर्ज करेगा उतनी ही राशि उसके खाते से तत्काल निकाल ली जाएगी। यह सुविधा केवल उन्हीं खाताधारकों के लिए उपलब्ध होगी जिनका केवाईसी यानी नो योर कस्टमर और बैंक विवरण पूर्णतः सत्यापित और अद्यतन है। सरकार का मुख्य लक्ष्य इस पहल के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल समयबचाऊ और पारदर्शी बनाना है। पूर्व में कर्मचारियों को बार बार ऑनलाइन फॉर्म भरना पड़ता था अनुमोदन की लंबी प्रतीक्षा करनी होती थी और बैंक लेनदेन में अनावश्यक विलंब जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। ईपीएफओ 3.0 इन सभी चुनौतियों को समाप्त करने की दिशा में कार्य करेगा। यह योजना मजदूरों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों दोनों के लिए है जो अप्रत्याशित परिस्थितियों जैसे बीमारी बेरोजगारी या आपातकालीन खर्च के लिए अपने संचित धन का उपयोग करना चाहते हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411